PRESS INFORMATION BUREAU
पत्र सूचना कार्यालय
GOVERNMENT OF INDIA
भारत सरकार

Hindustan, Delhi
Fri, 16 Jun 2017, Page 17
Width: 25.38 cms, Height: 17.09 cms, a4r, Ref: 34.2017-06-16.162

सात राज्यों में जन्मदर रोकने की तैयारी

नई दिल्ली | वार्ता

सरकार ने देश में जनसंख्या वृद्धि पर लगाम लगाने की तैयारी के तहत सर्वाधिक कुल प्रजनन दर (टीआरएफ) वाले सात राज्यों के 145 जिलों में मिशन परिवार विकास अभियान तेज गति से शुरू कर दिया है।

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने गुरुवार को यहां स्वास्थ्य मंत्रालय की तीन वर्ष की उपलब्धि का ब्योरा देने के अवसर पर बताया कि देश के सात राज्यों- उत्तर प्रदेश, बिहार, राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, झारखंड और असम में कुल प्रजनन दर देश के अन्य राज्यों की तुलना में काफी ज्यादा है। इनमें देश की कुल आबादी का 28 फीसदी निवास करता है। इन राज्यों में टीआरएफ दर करीब तीन प्रतिशत है, जिसे साल 2025 तक घटाकर 2.1% का लक्ष्य रखा गया है।

नड्डा ने कहा कि देश की जनसंख्या वृद्धि में सबसे ज्यादा योगदान करने वाले इन राज्यों में मिशन परिवार विकास के जरिए उन कारणों का पता लगाया जा रहा है, जो जनसंख्या वृद्धि की वजह बन रहे हैं। इनमें परिवान नियोजन सुविधाओं का अभाव, पर्याप्त चिकित्सा केंद्रों और वहां डॉक्टरों और चिकित्साकर्मियों की कमी तथा ढांचागत सुविधाओं का अभाव शामिल है। एक बार वजह का पता लगने के बाद समाधान नीतियां तय की जाएंगी। परिवार नियोजन जागरूकता अभियान के तहत कई नई पहल की गई है। इसमें कई निजी संस्था सहयोग कर रही हैं।

नई पहल

- नवविवाहित जोड़ों को नियोजन पहल किट
- सास-बहू के बीच संवाद के लिए दरबार
- छोटा परिवार का महत्व को समझा रहे
- ग्राम पंचायतों में परिवार नियोजन से संबंधित सुविधाएं
- नियोजन अपनाने पर प्रोत्साहन राशि मिलेगी
- उच्च गुणवत्ता के परिवार नियोजन विकल्प उपलब्ध कराना
- स्वास्थ्य सेवाओं को बुनियादी सुविधाएं
- प्राथमिक चिकित्सा केंद्रों में पर्याप्त संख्या में डॉक्टरों की व्यवस्था